प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति पर सात–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पंतनगर। 17 फरवरी 2023। विश्वविद्यालय के सिंचाई एवं जल निकास अभियंत्रण विभाग, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा प्रेशराइज्ड सिंचाई पर सात–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 13 से 19 फरवरी 2023 तक किया जा रहा है। इस कार्यशाला में कर्नाटक, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा राज्यों से 25 पी.एच.डी. स्कौलरस प्रतिभाग कर रहें है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं वाह्य संस्थानों से आये विशेषज्ञों द्वारा ड्रिप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के डिजाइन, लाभ सिंचाई जल की गुणवत्ता इत्यादि विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर अधिष्ठात्री, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. अलकनन्दा अशोक ने प्रतिभागियों से कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा दिये गये व्याख्यान के बारे में चर्चा की। डा. राजेश प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यशाला को विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एस. ई.आर.बी), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है। इस अवसर पर डा. पी. के. सिंह, डा. मोहन लाल, समन्वयक डा. धीरज कुमार एवं डा. वी.के. वर्मा आदि उपस्थित रहें।

कार्यशाला में प्रतिभागियों के साथ अधिकारीगण।